हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
05 दिसंबर 2024, समय 1810

- केंद्र सरकार ने आज तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में दो स्टार्ट-अप को मंजूरी दी।
- कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन किया।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन का शुभारंभ किया और कहा कि गीता सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का ऐसा ग्रंथ है जिसमे हर समस्या का समाधान है।
- हरियाणा के नगर विमानन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि पिंजौर में पायलट प्रशिक्षण की व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी।

***************************************************************************

केंद्र सरकार ने आज तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में दो स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है। तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान-ग्रेट योजना के तहत लगभग पचास लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं सतत वस्त्रों और चिकित्सा वस्त्रों के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति की 9 वीं बैठक के दौरान समिति ने तकनीकी वस्त्रों में पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए छह शिक्षा संस्थानों को लगभग 14 करोड़ रुपये का अनुदान देने की मंजूरी दी है। शिक्षण संस्थानों को तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने का भी प्रस्ताव है।

***************************************************************************

कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आज विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में पार्टनर देश तंज़ानिया व पार्टनर राज्य उड़ीसा के पवेलियन का शुभारंभ किया और साथ ही हरियाणा प्रदेश के पवेलियन का अवलोकन भी किया।

इस दौरान ब्रह्म सरोवर पर आयोजित हवन यज्ञ में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आहुति डाली और प्रदेशवासियों को गीता जयंती महोत्सव की बधाई दी।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से ब्रह्म सरोवर के तट पर अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर साल गीता महोत्सव और अधिक भव्य एवं विशाल होता जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जहां गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही है, वहीं हरियाणा सरकार की विकासात्मक उपलब्धियां देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को अतुलनीय पहचान दे रही है।इस प्रदर्शनी में सभी मेहमानों ने हरियाणा सरकार की विभागीय विकासात्मक उपलब्धियों व जनसेवा को समर्पित विकास योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉल का भी अवलोकन किया।

*****************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि गीता सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का ऐसा ग्रंथ है जिसमें मानव जीवन से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निहित है।श्री दत्तात्रेय आज कुरुक्षेत्र विश्वविधालय में श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति-शुद्ध पर्यावरण’ विषय पर आयोजित 9वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल एवं अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन का उद्घाटन किया गया व गीता सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया।श्री बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं से आहवान किया कि अपनी सामाजिक समस्याओं के निवारण के लिए गीता का पाठ अवश्य करें।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि गीता भारत के सांस्कृतिक इतिहास की विरासत है।

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि गीता सम्पूर्ण मानवता के जीवन दर्शन का सार है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता में प्रत्येक समस्या का समाधान है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में तंजानिया, जांजीबार की युवा एवं सांस्कृतिक मंत्री टीएम माविता ने कहा कि तंजानिया तथा भारत के बीच इस तरह के आयोजनों से आपसी संबंध मजबूत होंगे जिससे संस्कृति, कृषि, स्वास्थ्य, व्यापार, शिक्षा, शोध व अन्य क्षेत्रों में लाभ होगा।

*******************************************************************************

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उडडयन मंत्री  विपुल गोयल ने आज चंडी माता मंदिर में जय मां अन्नपूर्णा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाए गए भंडारा हाल का उद्घाटन किया।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि चाहे चंडी माता मंदिर हो, मनसा देवी मंदिर हो या फिर काली माता मंदिर श्राइन बोर्ड ने सभी जगहों पर अच्छी व्यवस्था की है।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए  श्री विपुल गोयल ने कहा कि पिंजोर में पायलट प्रशिक्षण की व्यवस्था जल्द ही शुरू की जाएगी।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिसार और अंबाला हवाई अड्डे  के लाइसेंस का काम अंतिम चरण में हैं। जो सप्ताहभर में पूरा हो जायेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री  नरेन्द्र मोदी से उद्घाटन का समय लेकर काम शुरू करवा दिया जाएगा।

*******************************************************************************

किसानों के कल दिल्ली कूच के आह्वान को लेकर जींद ज़िला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और पुलिस किसानों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

नरवाना के उप पुलिस अधीक्षक अमित भाटिया ने एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख़्ता प्रबंध किए गए हैं।

श्री भाटिया ने कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए वाहन चालकों के लिए भी एक यातायात एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नज़र रखी जा रही है। किसी तरह की भ्रामक सामग्री साझा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

*******************************************************************************

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ० अरविन्द शर्मा ने आज जींद सहकारी चीनी मिल, के 40 वें पिराई सत्र 2024-25 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर हवन यज्ञ करवाया गया

जिसमें जिला उपायुक्त सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री ने सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को भी पुरस्कृत किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार मजबूत कदम उठा रही है। गन्ना उत्पादकों की आमदनी बढ़ाने के लिए हरियाणा की सभी चीनी मिलों में एथनॉल प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के बाद मीडिया में डॉ शर्मा ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि गन्ने भुगतान का निर्धारित समय घटाकर एक सप्ताह करने का प्रयास करें ताकि किसानों को आर्थिक तौर पर जल्द फायदा मिल सके। किसानों के दिल्ली कूच पर उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पर सरकार ने किसानों के मुद्दों पर पूर्व न्यायधीश नवाब सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई है। किसानों से अपील की वे मिलकर समाधान निकालें और अपनी बात समिति के सामने रखें।मंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों के सामने गन्ना छिलाई को लेकर लेबर की समस्या है, उसके निदान के लिए शुगर फेड के माध्यम से शुगर मिलों को छोटी हार्वेस्टिंग मशीन उपलब्ध करवाने पर विचार किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गन्ना का सभी राज्यों की अपेक्षा बेहतर भाव दिया जा रहा है।